Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَاَطِیۡعُوا اللّٰہَ وَالرَّسُوۡلَ لَعَلَّکُمۡ تُرۡحَمُوۡنَ ○

(सूरत आले-इम्रान आयत :132)

अनुवाद: और अल्लाह और रसूल की इताअत करों ताकि तुम पर रहम किया जाए।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 4

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 36

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

5 मुहर्रम 1441 हिजरी कमरी 5 तबूक 1397 हिजरी शमसी 5 सितम्बर 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

क़ुरआन शरीफ़ ऐसी हिक्मतों और मआरिफ़ का सार है व्यर्थ और बकवास का ज़ख़ीरा उस के अंदर नहीं। हर एक चीज़ की तफ़सीर वह ख़ुद करता है और हर एक किस्म की जरूरतों का सामान उस के अंदर मौजूद है। वह हर पहलू से निशान और दलील है। अगर कोई इनकार करे तो हम हर पहलू से इस का एजाज़ साबित करने और दिखलाने को तैयार हैं।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

हमारे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चमत्कार

हमारे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इसी लिए हर एक किस्म के ख़वारिक़ और चमत्कार प्राप्त थे। हम उनकी शान क्या वर्णन करें। जिस तरफ़ देखो असंख्य चमत्कार मिलेंगे। प्रत्येक तीन प्रकार के चमत्कार मजमूई तौर पर आप ही का हिस्सा थे। ज़ाहिरी निशान जैसे चान्द का फटना और अन्य चमत्कार के जिनकी गिनती तीन हज़ार से भी ज़्यादा है। और मआरिफ़ और हक़ायक़ के चमत्कार से तो क़ुरआन करीम परिपूर्ण है और वह हर वक़्त ताज़ा और नए हैं। अख़लाक़ के चमत्कार के लिहाज़ा से ख़ुद इस मुक़द्दस नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का वजूद اِنَّکَ لَعَلٰی خُلُقٍ عَظِیۡمٍ (अल्कलम 5) है । क़ुरआन करीम अने चमत्कार के प्रमाण में وَاِنۡ کُنۡتُمۡ فِیۡ رَیۡبٍ مِّمَّا نَزَّلۡنَا عَلٰی عَبۡدِنَا فَاۡتُوۡا بِسُوۡرَۃٍ مِّنۡ مِّثۡلِہٖ (अल्बकरह: 24)कहता है ये चमत्कार रूहानी हैं। जिस तरह वहदानीयत की दलीलें दी हैं इसी तरह पर हिक्मत, फ़साहत , बलाग़त भी इन्सान उस की तरह बनाने पर क़ादिर नहीं। दूसरे स्थान पर फ़रमाया لَئِنِ اجۡتَمَعَتِ الۡاِنۡسُ وَالۡجِنُّ عَلٰۤی اَنۡ یَّاۡتُوۡا بِمِثۡلِ ہٰذَا الۡقُرۡاٰنِ لَا یَاۡتُوۡنَ بِمِثۡلِہٖ :(बनी इस्राईल 89)

क़ुरआन मजीद की फ़साहत तथा बलाग़त

अत: रुहानी चमत्कार में कोई यह ख़्याल ना कर ले कि यह मुसलमानों की कल्पना और ख़्याल है। आजकल के नास्तिक नहीं बल्कि जो नास्तिक नहीं हैं वे यह नहीं मानते कि क़ुरआन का मोजिज़ा है। सय्यद अहमद ने भी ठोकर खाई है और वह उस की फ़साहत बलाग़त को मोजिज़ा नहीं मानता। जब हम याद करते हैं तो हमको अफ़सोस होता है कि सय्यद अहमद ने चमत्कार से इनकार किया है। सय्यद साहिब किसी तौर से मोजिज़ा नहीं मान सकता। क्योंकि वह कहते हैं कि एक मामूली दर्जा का आदमी या उच्च दर्जा का आदमी भी नज़ीर बना सकता है मगर अफ़सोस तो यह है कि वह इतना नहीं जानते कि क़ुरआन लाने वाला वो शान रखता है कि صُحُفًا مُّطَہَّرَۃً فِیۡہَا کُتُبٌ قَیِّمَۃٌ (अल्बय्यनह: 3,4) ऐसी किताब जिसमें सारी किताबें और सारी सच्चाइयां मौजूद हैं। किताब से मुराद और आम मफ़हूम वे उम्दा बातें हैं जो कुदरती रूप से इंसान अनुकरण के योग्य समझता है।

क़ुरआन मजीद की सार गर्भिता

क़ुरआन शरीफ़ ऐसी हिक्मतों और मआरिफ़ का सार है व्यर्थ और बकवास का ज़ख़ीरा उस के अंदर नहीं। हर एक चीज़ की तफ़सीर वह ख़ुद करता है और हर एक किस्म की जरूरतों का सामान उस के अंदर मौजूद है। वह हर पहलू से निशान और दलील है। अगर कोई इनकार करे तो हम हर पहलू से इस का एजाज़ साबित करने और दिखलाने को तैयार हैं। आजकल तौहीद और हस्ती इलाही पर बहुत ज़ोरदार हमले हो रहे हैं। ईसाईयों ने भी बहुत कुछ ज़ोर मारा और लिखा लेकिन जो कुछ कहा और लिखा वह इस्लाम के ख़ुदा के बारे में लिखा है। ना कि एक मुर्दा सलीब दिया गया और असमर्थ ख़ुदा के बारे में। हम दावे से कहते हैं कि जो आदमी अल्लाह तआला की हस्ती और वजूद पर क़लम उठाएगा। इस को अन्त में उसी ख़ुदा की तरफ़ आना पड़ेगा जो इस्लाम ने प्रस्तुत किया है। क्योंकि सहीफ़ा फ़ितरत के एक एक पत्ता में उस का पता मिलता है और कुदरती तौर पर इन्सान उसी ख़ुदा का नक़्शा अपने अंदर रखता है। अत: ऐसे आदमियों का क़दम जब उठेगा वह इस्लाम ही के मैदान की तरफ़ उठेगा। यह भी तो एक महान चमत्कार है।

क़ुरआन मजीद का चैलेंज

अगर कोई क़ुरआन करीम के इस मोजिज़ा का इनकार करे तो एक ही पहलू में हम लोगों को आज़मा लेते हैं। अर्थात अगर क़ुरआन को ख़ुदा का कलाम नहीं मानता तो इस रोशनी और साईंस के ज़माना में ऐसा ख़ुदा तआला की हस्ती पर दावा करने वाला दलीलें लिखे हम वे सारी दलीलें क़ुरआन करीम ही से निकाल कर दिखा देंगे। और अगर तौहीद इलाही के बारे में दलीलें क़लम बंद करे तो वे सब दलीलें भी क़ुरआन करीम ही से निकाल कर दिखा दें गे और वे वैसे दलीलों का दावा कर के लिखें कि ये दलीलें जो क़ुरआन करीम में नहीं या उन सदाक़तों और पवित्र शिक्षाओं पर दलीलें लिखे जिनके बारे में उनका ख़्याल हो कि वे क़ुरआन करीम में नहीं तो हम इस को वाज़िह तौर पर दिखला देंगे कि क़ुरआन का दावा فِیۡہَا کُتُبٌ قَیِّمَۃٌ (अल-बय्यनह:4) कैसा सच्चा और साफ़ है और या असल और फ़ितरती मज़हब के बारे में दलीलें लिखना चाहे तो हम हर पहलू से क़ुरआन करीम का एजाज़ साबित कर के दिखाएँगे और बता देंगे कि सारी सच्चाइयां और पवित्र शिक्षाएं इसी में मौजूद हैं।

अत: क़ुरआन करीम एक ऐसी किताब है कि हर एक किस्म के मआरिफ़ और गूढ़ रहस्य इस में मौजूद हैं लेकिन उनके हासिल करने के लिए में फिर कहता हूँ कि इसी पवित्र क़ुव्वत की ज़रूरत है, अत: ख़ुद अल्लाह तआला ने फ़रमाया है لَّا یَمَسُّہٗۤ اِلَّا الۡمُطَہَّرُوۡنَ (अलवाक़िया :80)

ऐसा ही फ़साहत ,बलाग़त में जैसे सूरत फ़ातिहा का क्रम छोड़कर और क्रम इस्तेमाल करो तो वे उच्च अर्थ और उच्च उद्देश्य जो इस क्रम में मौजूद हैं। मुम्किन नहीं किसी दूसरे क्रम में बयान हो सकें। कोई सूरत ले लो। चाहे कल हो वल्लाहो अहद ही क्यों ना हो। जिस क़दर नरमी, मुलातिफ़त की रियाइत को समक्ष रखकर इस में मआरिफ़ और हक़ायक़ हैं वे कोई दूसरा बयान ना कर सकेगा। ये भी क़ुरआन का चमत्कार ही है। मुझे हैरत होती है जब कुछ नादान मक़ामाते हरीरी या सबअ मुअल्लक़ह को बेनज़ीर और बेमिसल कहते हैं और इस तरह पर क़ुरआन करीम की अतुल्नीयता पर हमला करना चाहते हैं। वे इतना नहीं समझते कि अव्वल तो हरीरी के लेखक ने कहीं उस के बेनज़ीर होने का दावा नहीं किया फिर वह ख़ुद क़ुरआन की एजाज़ी फ़साहत को मानने वाला था। इन बातों को छोड़कर वह रास्ती और सदाक़त को ज़हन में नहीं रखते बल्कि उनको छोड़कर केवल शब्दों की तरफ़ जाते रहे हैं वे किताबें हक़ और हिक्मत से ख़ाली हैं।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 69 से 71 प्रकाशन 2018 कादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (भाग-6)

आप सब ने पढ़ना है,किसी एक बच्चे ने भी बिना पढ़ाई के नहीं रहना

कोई डाक्टर बने, कोई इंजीनर, कोई वकील और कोई टीचर बने, प्रत्येक ने कुछ ना कुछ बनना है

हमारी जमाअत में बच्चियां ज़्यादा शिक्षित होती हैं, आप सबने पढ़ाई में लड़कों से आगे निकलना है, बच्चों और बच्चियों में एक दूसरे से आगे निकलने में दौड़ लगनी चाहिए।

हुज़ूर पुर नूर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की जमाअत के बच्चों और बच्चियों को नेक नसीहतें

अहमदी माताओं को हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की निहायत क़ीमती नसीहतें

हुज़ूर के हाथ पर बैअत करना मेरी ज़िन्दगी का एक ऐसी घटना थी

जिसको मैं शब्द में बयान ही नहीं कर सकता,यह मेरी ज़िन्दगी का सबसे हसीन दिन था

एसा महसूस हो रहा था कि मैं एक अलग ही दुनिया में हूँ

और मैं चाहती थी कि बस बैठ कर ख़लीफ़ा वक़्त को देखती रहूं और उन की बातें सुनती रहूं।

जब हमने पहली बार हुज़ूर अनवर को देखा तो यह हमारे लिए एक ख़ास अवसर था क्योंकि इस से हमें अमन, मुहब्बत और सब्र नसीब हुआ और हमें ख़लीफतुल मसीह की ज़ात में एक इलाही नूर नज़र आया

हुख़लीफ़ा वक़्त से मुलाक़ात मेरी बहुत ख़ुशनसीबी थी, उस की याद मेरे साथ मरते दम तक रहेगी, हुज़ूर अनवर के साथ नमाज़ें पढ़ने का बहुत आन्नद आया और दिल को तसकीन भी पहुंची

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात के बाद नौ मुबाईन के ईमान अफ़्रदिन विचारों

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

22 अक्तूबर 2018 ई (दिनांक सोमवार)

हीवसटन से रवानगी और ग्वेटामाला में पधारना

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह 6:30 बजे मस्जिद बैतुलसमीअ में तशरीफ़ ला कर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए।

आज प्रोग्राम के अनुसार हीवसटन से मध्य अमरीका के देश ग्वेटामाला के लिए रवानगी थी। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का किसी भी मध्य अमरीका के देश के लिए यह पहला सफ़र था।

7 बजकर 40 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह से बाहर तशरीफ़ लाए। हुज़ूर अनवर को विदा कहने के लिए मर्द औरत मस्जिद के बाहरी सेहन में जमा थे। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने दुआ करवाई और क़ाफ़िला हीवसटन एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ।

हुज़ूर अनवर के आने से पहले सामान की बुकिंग और बोर्डिंग कार्ड के हुसूल की कार्रवाई पूर्ण हो चुकी थी। सवा आठ बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ एयरपोर्ट पर तशरीफ लाए। एयरपोर्ट पर यूनाईटिड एयर लाईन के सीनीयर स्टाफ़ ने हुज़ूर अनवर को ख़ुश-आमदीद कहा और हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ एक प्रोटोकोल के तहत इमीग्रेशन की कार्रवाई के बाद स्पेशल लाओनज में तशरीफ़ ले आए।

पौने दस बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला जहाज़ पर सवार हुए। यूनाईटिड एयर लाईन के जाहज़ UA 1751 10 बज कर 40 मिनट पर हीवसटन से ग्वेटामाला के Guatemala City Airport के लिए रवाना हुआ।

जहाज़ के रवाना होने के बाद पायलट केबिन से यह ऐलान हुआ कि हमारे जहाज़ पर हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद सफ़र कर रहे हैं। आप अमरीका के सफ़र पर हैं। हम हुज़ूर को ख़ुश-आमदीद कहते हैं। हुज़ूर अनवर अमरीका में सैनेटर्ज़ और कांग्रस मैन से मिलेंगे। हुज़ूर अनवर चैंपीयन आफ़ पीस हैं। हुज़ूर ग्वेटामाला भी जा रहे हैं।

लगभग अढ़ाई घंटे के सफ़र के बाद ग्वेटामाला के स्थानीय वक़्त के अनुसार 12 बजकर 10 मिनट पर जहाज़ ग्वेटामाला सिटी एयरपोर्ट पर उतरा। ग्वेटामाला का वक़्त हीवसटन (अमरीका) के वक़्त से एक घंटा पीछे है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ जहाज़ से बाहर तशरीफ़ लाए तो आदरणीय कैप्टन माजिद अहमद ख़ान साहिब ने हुज़ूर अनवर को ख़ुश-आमदीद कहा। महोदय की निगरानी में ह्युमैनिटी फ़र्स्ट अमरीका के अधीन नासिर हस्पताल की बुनियाद पूर्ण हुई है जिसका इस सफ़र में उद्घाटन का प्रोग्राम है।

इस के बाद आदरणीय अब्दुल सत्तार ख़ान साहब अमीर मुबल्लिग़ इंचार्ज ग्वेटामाला और आदरणीय David Gonzoles जनरल सेक्रेटरी जमाअत ग्वेटामाला ने हुज़ूर अनवर का स्वागत किया।

इसके बाद एक विशेष प्रबंध के अधीन हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ एक स्पेशल लाओनज में तशरीफ़ ले आए जहां इमीग्रेशन की कार्रवाई पूर्ण हुई। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला एयरपोर्ट से बाहर तशरीफ़ लाए और Porta Hotel के लिए रवानगी हुई। यह होटल एयरपोर्ट से 40 किलोमीटर के दूरी पर Antigua शहर में स्थित है। देश की राजधानी ग्वेटामाला सिटी और Antigua लगभग जुड़वां शहर हैं। पुलिस की गाड़ी और मोटर साईकल ने क़ाफ़िला को Escort किया। हुज़ूर अनवर की गाड़ी के पीछे भी सैक्योरिटी की गाड़ी थी। इस सैक्योरिटी उसको एड का इंचार्ज ग्वेटामाला आर्मी का एक रिटायर्ड जनरल था।

लगभग एक घंटा के सफ़र के बाद दो बजे दोपहर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ होटल Porta पधारे जहां जमाअत के लोगों मर्द औरत, बच्चों और बच्चियों ने अपने प्यारे आक़ा का भरपूर स्वागत किया। लोगों ने नारे बुलंद किए। बच्चियां अपनी लोकल ज़बान में स्वागत गीत और दुआ की नज़्में पेश कर रही थीं।

स्वागत करने वालों में ग्वेटामाला के स्थानीय लोगों और नौ मुबाईन के अतिरिक्त मैक्सीको,इक्वाडोर, हंडूर विस, पानामा, को स्टार यक्का, ईल सल्वाडोर, पैरागोवा और बेलीज़ से आने वाले नौ मुबाईन भी शामिल थे।

इसके अतिरिक्त अमरीका और कैनेडा से भी एक बड़ी संख्या में जमाअत के

शेष पृष्ठ 7 पर

ख़ुत्ब: जुमअ:

जलसा का मक़सद .....यही है कि अल्लाह तआला का क़ुरब हासिल करने की कोशिश की जाए, उस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत दिल में बढ़ाई जाए।

अगर मेहमान का हक़ है कि मेहमान-नवाज़ी की जाए तो मेज़बान का भी हक़ है कि मेहमान फिर उस का हक़ अदा करे और इस पर बोझ ना बने

मर्कज़ी जलसा यूके का ही है और यहां शमिल होने की बाहर के लोगों की कोशिश ज़्यादा होती है क्योंकि ख़िलाफ़त का मर्कज़ यहां है

सुन्नते नबवी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और सीरत हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से मिसालें वर्णन कर के मेहमान-नवाज़ी की एहमीयत का ज़िक्र, मेज़बानों और मेहमानों को एक दूसरे के हुक़ूक़ अदा करने की नसीहत, जलसा के दिनों में नमाज़ बाजमाअत, तहज्जुद के क़ियाम, माहौल को पाकीज़ा और अपनी हालतों को बेहतर बनाने की नसीहत। जलसा सालाना के विभिन्न विभागों रोटी प्लांट, लंगर ख़ाना इत्यादि का ज़िक्र, सलाम को फैलाना, इसीतरह दुनिया भर के अहमदियों और जलसा सालाना की कामयाबी के लिए दुआ की तहरीक

ख़ुत्ब: जुमअ: सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 2 अगस्त 2019 ई. स्थान - हदीक़तुल महदी, अलटन हेम्पशर, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

अल्लाह तआला हमें आज फिर जलसा सालाना यू के में शामिल होने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़र्मा रहा है। पिछवे महीने जर्मनी का जलसा सालाना आयोजित हुआ। दुनिया की बड़े, पश्चिमी देशों की जमाअतों में से कैनेडा का जलसा हुआ (जो जर्मनी के जलसा के दिनों में ही था फिर पिछले महीने अमरीका का जलसा सालाना हुआ और दुनिया के और भी बहुत सारे देशों में जलसा हुए और बड़ी शान से हम हर जगह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के साथ अल्लाह तआला की सहायता और समर्थन के वादे पूरे होते देखते हैं। परन्तु यू के के जलसा सालाना की अपनी एक हैसियत इस लिहाज़ से बन चुकी है कि दुनिया की नज़र खासतौर पर इस तरफ़ रहती है, अपनों की भी ,ग़ैरों की भी और हर एक लिहाज़ से इस जलसा को विश्वव्यापि जलसा की हैसियत दी जाने लगी है। और यह जलसा सिर्फ़ अब यू के का जलसा नहीं रहा यद्यपि कि जैसा कि मैंने जर्मनी के जलसा के बारे में भी कहा था कि अब जर्मनी का जलसा भी विश्वव्यापि हैसियत इख़्तियार कर गया है। बहुत से मुल्कों की वहां भी नुमाइंदगी थी और हाज़िरी के लिहाज़ से भी शायद जर्मनी के जलसा की हाज़िरी यहां से ज़्यादा हो,लेकिन फिर भी मर्कज़ी जलसा यू के का ही है और यहां शामिल होने की बाहर के लोगों की कोशिश ज़्यादा होती है क्योंकि ख़िलाफ़त का मर्कज़ यहां है। अत: इस लिहाज़ से दुनिया के विभिन्न देशों से अपने भी और ग़ैर भी यू के के जलसा सालाना में शामिल होने की कोशिश करते हैं। इस लिहाज़ से यहां जलसा के काम करने वालों की ज़िम्मेदारी भी बहुत बढ़ जाती है और फिर यहां हदीक़तुल महदी में जो यह अस्थाई शहर बनाया गया है इस के इंतिज़ामात भी ख़ास तवज्जा की मांग करते हैं। अत: इस लिहाज़ से जैसा कि मैं कारकुनों को उनकी डयूटियों और ज़िम्मेदारीयों की तरफ़ ध्यान दिलाया करता हूँ तो इस वक़्त मैं इस हवाले से पहले बात करूँगा।

अल्लाह तआला के फ़ज़ल से यू के में रहने वाले अहमदी बूढ़े, जवान, बच्चे, औरतें, लड़कीयां पिछले 35 साल से जब से कि ख़िलाफ़त का मर्कज़ यहां मुंतक़िल हुआ और जलसों का आयोजन ख़लीफ़ा वक़्त की मौजूदगी में हुआ जलसा के इंतिज़ामात कर रहे हैं और डयूटीयाँ बड़ी ख़ुशदिली से दे रहे हैं। यद्यिप कि जलसा सालाना की तारीख़ यू के की भी बहुत पुरानी है लेकिन इस वक़्त के जलसा तो अब शायद यहां के एक हलक़े की माहाना मीटिंग से भी संख्या के लिहाज़ से कम होते होंगे। इसलिए मैंने पिछले 35 सालों की तारीख़ का हवाला दिया है जो ख़िलाफ़त अहमदिया के मर्कज़ की यू के में जलसों की तारीख़ है।

बहरहाल आरम्भ में जो जलसे आयोजित हुए उनमें हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अलराबे रहिमहुल्लाह तआला ख़ुद बहुत ज़्यादा रहनुमाई करते थे। यहां इंतिज़ामात बताने के लिए उन को बहुत मेहनत करनी पड़ी। पाकिस्तान के कुछ ओहदेदारों की भी मदद लेनी पड़ी जिन्होंने यहां की इंतिज़ामीया के साथ मिलकर काम किया। लंगर का इंतिज़ाम एक बहुत बड़ा इंतिज़ाम है। यहां सुविधाएं और सहूलतें भी पाकिस्तान की तरह ,इस तरह नहीं है जिस तरह हम काम करना चाहते हैं इसलिए शुरू में चार पाँच हज़ार का इंतिज़ाम करना भी उनके लिए मुश्किल था और इस तरह ही था जिस तरह कि दो अढ़ाई लाख का इंतिज़ाम कर रहे हैं। मैं ख़िलाफ़त की यहां हिज्रत के बाद पहली बार 1988 ई के जलसा में शामिल हुआ था और इस वक़्त इंतिज़ामीया की हालत देखकर अंदाज़ा होता था कि पाँच छ: हज़ार के लिए इंतिज़ाम करना भी उनको किस क़दर परेशानी में डाल रहा है। बहरहाल आज हम देखते हैं कि इंतिज़ामात में यहां के कारकुनान शायद रब्वह के कारकुनान की मदद की सलाहीयत भी रखते हैं। पिछले हफ़्ते कारकुनान के साथ जलसा के इंतिज़ामात की inspection के बाद जो खाना था इस में मेरे क़रीब ही रब्वह से आए हुए एक नाज़िर जो नाज़र अमूरे ख़ारिजा हैं ओर जो नायब अफ़्सर जलसा सालाना भी हैं बैठे हुए थे। खाने के बाद मैंने देखा कि उन्होंने रब्वह से आए हुए एक नुमाइंदे कारकुन को बुलाया और कुछ बातें करते रहे। उनसे मैंने पूछा कि क्या मसला पैदा हो गया है? कहने लगे कि लंगर की यह रोटी जो हम खा रहे हैं यह क्वालिटी में बड़ी अच्छी रोटी है और हम रब्वह में रोटी पकाने का जो ट्रायल करते हैं। (वहां भी अल्लाह के फ़ज़ल से मुस्तक़िल ट्रायल होते हैं, लंगर ख़ाने अस्थायी तौर पर एक-आधा दिन के लिए चलाए जाते हैं ताकि मशीनों को चालू रखें और काम की आदत भी रहे, डयूटियों की आदत भी रहे। तो बहरहाल कहते कि)काफ वहां हमारी जो रोटी है वह इस स्तर की नहीं होती तो कहने लगे में इस कारकुन को कह रहा था कि यहां के रोटी प्लांट वालों से इस रोटी के स्तर का पता करें कि किस तरह बनाते हैं? आटे और पानी की तुलना क्या है? यह आटे और पानी की निसबत काऊंट (count) करती है। उनसे नुस्ख़ा पूछो। तो अल्लाह तआला के फ़ज़ल से अब हमारे यहां काम करने वाले अपने तजुर्बात के बाद इतने माहिर हो गए हैं कि उनकी रोटी रब्वह के आफ़सरों को भी पसंद आने लग गई है।

इस बार रोटी प्लांट में काम करने वाले नौजवान इंजनीयरज़ ने आटा गोंधाई की मशीन में भी कुछ improvements की हैं जिससे आटा निकालने में और अधिक आसानी पैदा हुई है। रोटी प्लांट के इंचार्ज और नौजवान इंजीनर जो वाकिफ नौ भी हैं और इस पर काम कर रहे हैं वह और उनकी टीम के लोग भी अब इस कोशिश में हैं कि इस को मज़ीद बेहतर किया जाए और आटा गोंदाई की मशीन से लेकर पकवाई की मशीन तक सीधा आटा पहुंचता रहे और इस वक़्त कारकुनों को बाल्टियों के द्वारा जो आटा पहुंचाना पड़ता है वह माध्यम जो है वह ख़त्म हो जाए।

इस का मतलब ये नहीं कि हम इस ऑटोमेशन की वजह से कारकुनों को ख़िदमत से महरूम कर देंगे। यह कारकुन दूसरी बेहतर ख़िदमत पर लगा दिए जाऐंगे इंशा अल्लाह तआला और यही हमारा जमाअत का इमतियाज़ है कि बचपन से ले के बड़े होने तक हमारे कारकुनान बड़ी ख़ुशदिली से हर काम में अपनी बेहतरीन सलाहियतों के साथ काम करने की कोशिश करते हैं। बहरहाल यह बयान करने का मेरा मक़सद यह है कि कहाँ तो वह वक़्त था कि चार पाँच हज़ार खाना खिलाना इंतिज़ामीया के लिए एक चैलेंज होता था और नब्बे प्रतिशत रोटी बाज़ार से ख़रीदी जाती थी। एक छोटा सा सैकण्ड हैंड रोटी प्लांट लिया गया था जो थोड़ी थोड़ी देर बाद ख़राब भी होता रहता था। इंजनीयरज़ मुस्तक़िल उस के ऊपर बैठे रहते थे और इस में हमारे बुज़ुर्ग पुराने इंजनीयरज़ हैं वे काफ़ी काम करते रहे और वे प्लांट सिर्फ़ चंद हज़ार रोटी पकाता था और वे भी गोल नहीं होती थी। इसी तरह ब्रेड (pita bread)की तरह होती थी और कहाँ अब अल्लाह तआला के फ़ज़ल से पैंतीस चालीस हज़ार लोगों के लिए ये ख़ुद रोटी पकाते हैं, लाखों की संख्या में रोटी पकती है और इस क्वालिटी में है जो मैंने भी की, लोगों को भी पसंद आई और समय समय पर मैं इस रोटी को चैक करता भी रहता हूँ, वह इस से बहुत बेहतर है जो पहले रोटी पकती थी। अल्लाह तआला इन नौजवानों को जो ये काम कर रहे हैं उनके हुनर में भी इज़ाफ़ा करे और उनको अक़्ल भी दे और इस में मज़ीद बढ़ाता चला जाए कि जलसा के मेहमानों की पहले से बढ़कर ख़िदमत करने वाले हों।

इसी तरह लंगर ख़ाने में जो खाना पकाने की टीमें हैं वे अपने अपने इंचार्ज साहिबान के साथ बड़ी मेहनत और लगन से काम कर रही हैं। खाने का स्तर जो है वह भी बहुत बेहतर है। अल्लाह करे कि इन तीन दिनों में भी यह बेहतर रहे ।

फिर लंगर ख़ाने के हवाले से देगें धोने का विभाग है। यह भी एक बहुत बड़ा काम है । उनको कुछ साल पहले जर्मनी से हमारे अहमदी इंजनीयरज़ की बनाई हुई देगें धोने की मशीन मंगवा कर दी गई थी। जर्मनी वाले तो उनको बड़ा पसंद करते हैं। वहां बड़ी कामयाब है और वह उस के बड़े क़ाइल हैं कि बड़ी जल्दी यह मशीन देग धो कर ख़ुद ही बाहर निकाल देती है। यहां हमारे इस विभाग ने दो तीन साल तक तो इस मशीन को इस्तिमाल किया और इस के साथ हाथ से भी देगें धोते रहे, यह काम जारी रहा और मेरे कहने पर कि इस मशीन को ज़रूर इस्तिमाल करना है उन्होंने किया लेकिन पिछले साल से उन्होंने बड़ी मिन्नत से यह कहना शुरू किया कि हमें हाथ से ही धोने दें कि हम कम वक़्त में ये देगें धो लेते हैं बल्कि3/1 वक़्त में धो लेते हैं अर्थात जितनी देर में मशीन एक देग धोती है हम तीन देगें धो लेते हैं और धोते भी इस से साफ़ और बेहतर हैं। मैंने उनके इंचार्ज को मज़ाक़ से उस दिन कहा था कि लगता है कि आपने इस विभाग में कोई जिन्न रखे हुए हैं जो इतनी सफ़ाई कर जाते हैं क्योंकि जर्मनी वाले अभी तक इस बात को मानने को तैयार नहीं कि इतने कम वक़्त में कोई देग धो सकता है। बहरहाल इस विबाग में ये लोग बड़ी मेहनत का काम कर रहे हैं। एक तो है कि मेहनत करना, वक़्त लगा देना और यह सिर्फ़ मेहनत नहीं कर रहे बल्कि यह बड़ी मेहनत का काम भी है। पाकिस्तान में, कादियान में तो यह काम मज़दूरों से मज़दूरी देकर करवाया जाता था लेकिन यहां बड़े इख़लास और भावना से कारकुन यह काम करते हैं

फिर खाना खिलाने का विभाग है। इस में भी इस बार उन्होंने बेहतरी की कोशिश की है। यहां जगह भी, मार्कियां भी बड़ी की हैं ताकि मेहमानों को आराम से और कम वक़्त में खाना खिलाया जा सके।

फिर दूसरे विभाग हैं नज़ाफ़त और सफ़ाई का विभाग है, कार पार्किंग का विभाग है, ट्रैफ़िक का विभाग है। जलसा गाह के अंदर विभिन्न और विभाग हैं। सैक्योरिटी का एक बहुत बड़ा अहम विभाग है और इसी तरह और विभिन्न विभाग हैं और अपनी अपनी जगह पर हर विभाग ही बड़ा अहम है। इन सारे विभागों में काम करने के लिए हज़ारों कारकुनान जो हैं उनको काम करने की तौफ़ीक़ मिल रही है। इसी तरह कारकुनात (काम करने वालियां) हैं उनको काम करने की तौफ़ीक़ मिल रही है। अल्लाह तआला इन सबको उत्तम रंग में काम करने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए और जिस तरह कि मैं हमेशा कारकुनों को कहा करता हूँ कि जिस शौक़ और जज़्बे से आपने अपने आपको हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातो वस्सलाम के मेहमानों की ख़िदमत के लिए पेश किया है। आपका काम है कि इस जज़्बे को आख़िर वक़्त तक क़ायम रखें। जलसा के बाद भी वाईंड अप (wind up)का विभाग होगा और इस में एक हफ़्ता तक़रीबन काम करना पड़ता है

और इस बात का इज़हार कि आपने जज़्बे को क़ायम रखा है आप लोगों के चेहरों की मुस्कुराहटों और मेहमानों के साथ इज़्ज़त- तथा एहतिराम से पेश आने से होगा। अत: कारकुनान और कारकुनात जो इस जलसा के मेहमानों की ख़िदमत पर विभिन्न जगहों पर काम कर रहे हैं इन को इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए वे इस जलसा में दोहरा सवाब कमा रहे हैं और बरकतों से लाभान्वित हो रहे हैं। एक जलसा सालाना में शामिल हो कर इस जलसा सालाना की जो बरकतें हैं इस से फ़ैज़ पा कर और दूसरे हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमानों की ख़िदमत कर के इन बरकतों को हासिल कर रहे हैं।

मेहमान-नवाज़ी अल्लाह तआला को भी पसंद है। इतनी पसंद है कि इस का ज़िक्र हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के हवाले से अल्लाह तआला ने क़ुरआन करीम में भी दो बार फ़रमाया है । अगर मेहमानों को खाना पेश करना कोई मामूली बात होती तो मेहमानों के आने के ज़िक्र पर हर बार उनको खाना पेश करने का ज़िक्र ना होता। और फिर यह कि सलाम दुआ के बाद जो पहला काम किया वह शीघ्र भुना हुआ बछड़ा पेश कर दिया। अल्लाह तआला फ़रमाता है कि

فَمَا لَبِثَ أَنْ جَاءَ بِعِجْلٍ حَنِيذٍ

(आद 70) फिर वह भुना हुआ बछड़ा बड़ी जल्दी से ले आया। इस ज़माने में जो मेहमान नवाज़ी हो सकती थी वह की और अपने जानवर ज़िबह कर के उन्हें मेहमानों के सामने पेश करना भी बहुत बड़ी मेहमान नवाज़ी थी और वहां फ़ौरी तौर पर मुहय्या भी हो सकती थी। उस वक़्त जो मेहमान-नवाज़ी का तरीक़ा था, उस का जो उच्च स्तर था वह दिखाया गया। आजकल के हालात के अनुसार जो मेहमान-नवाज़ी है वह हमें करनी चाहिए। यहां भी मेहमान की ऐसी ही ख़ातिरदारी करनी चाहिए। यह ज़रूरी नहीं है कि ज़रूर मेहनत से की जाए और बड़ी मेहनत से बिछड़े तलाश किए जाएं बल्कि जो आसानी से और जल्द मुहय्या हो सके वह हमें करना चाहिए। उनको वह आसानी से और जल्द मुहय्या भी हो सकता था और उच्च मेहमान-नवाज़ी भी थी। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का उच्च आदर्श इस बारे में हमारे सामने है। अगर खजूरें मिली हैं तो वे पेश कर दीं। अगर गोश्त या कोई और अच्छा खाना है तो वह पेश कर दिया। अगर बकरी का दूध है तो वह पेश कर दिया। अगर अपने पास कुछ नहीं है तो सहाबा को फ़रमाया कि इस मेहमान को अपने घर ले जाओ और उनकी मेहमान-नवाज़ी करो।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अल्लाह तआला और आख़िरत के दिन पर ईमान लाने वालों को जिन तीन बातों के करने का फ़रमाया है वे सब ऐसी हैं जो एक दूसरे के हुक़ूक़ से सम्बन्ध रखती हैं, समाज को अमन वाला बनाने से सम्बन्ध रखती हैं। पहली बात यह कि अच्छी बात करो या ख़ामोश रहो। फ़ुज़ूल किस्म की बातें कर के बदअमनी पैदा ना करो। आपस में रंजिशें पैदा ना करो। एक मोमिन व्यर्थ और बेहूदा बातें नहीं करता। दूसरे यह कि अपने पड़ोसी की इज्ज़त करो कि पड़ोसी का बहुत बड़ा हक़ होता है कि इस की इज़्ज़त की जाए और इस का ख़्याल रखा जाए। यहां जो इस जलसा में शामिल होने वाले हैं, आने वाले मेहमान भी, काम करने वाले भी और मेहमानों के लिए जो कारकुनान काम कर रहे हैं वे भी सब एक दूसरे के पड़ोसी भी हैं। अत: इस लिहाज़ से मेहमानों को भी काम करने वालों की इज़्ज़त और सम्मान करना चाहिए और कारकुनों को भी मेहमानों की इज़्ज़त और सम्मान करना चाहिए। फिर आपस में जो एक दूसरे को मिलते हैं तो वह इज़्ज़त तथा सम्मान से पेश आएं और तीसरी बात यह बताई कि अपने मेहमान का सम्मान करो।

(सही मुस्लिम किताबुल ईमान हदीस 47)

अब यह खासतौर पर मेज़बानों के लिए है। एक सुन्दर और अमन वाले परिवेश की स्थापना के लिए यह बुनियाद हैं। अल्लाह तआला के हुक्मों में से ये हुक्म हैं और मोमिन की यह निशानी है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास जब ज़्यादा मेहमान आते थे तो सहाबा में बांट दिया करते थे और फिर मेहमानों से पूछा भी करते थे कि क्या तुम्हारे भाईयों ने तुम्हारी मेहमान-नवाज़ी अच्छे तरीके से की और फिर सहाबा भी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सोहबत प्राप्त और तर्बीयत पाने वाले थे, आप से फ़ैज़ पाने वाले थे वे ऐसी मेहमान-नवाज़ी करते थे कि मेहमान जवाब दिया करते थे कि हमें हमारे मेज़बानों ने अपने से बेहतर रखा और अपने से बेहतर खिलाया।

(मस्नद अहमद बिन हंबल जिल्द 5 पृष्ठ 357 हदीस 15644 प्रकाशन आलिमुल कुतुब बेरूत 1998 ई)

तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा की मेहमान-नवाज़ी के यह तरीक़ थे। यद्यिप वह भी धर्म समझने के लिए और धर्म का इलम हासिल करने के लिए आया करते थे और यहां जो आने वाले हैं वे भी इसी मक़सद के लिए आ

रहे हैं और हम इसी बात पर मुक़र्रर किए गए हैं कि जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के बुलाने पर विशेष रूप से धार्मिक जलसा में शमूलीयत के लिए आ रहे हैं हम इन मेहमानों की खासतौर पर मेहमान-नवाज़ी करें।

अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से अल्लाह तआला ने जमाअत के संसाधनों में भी पहले से बहुत ज़्यादा बेहतरी पैदा कर दी है और जमाअती निज़ाम के अधीन भी मेहमान-नवाज़ी होती है बल्कि कई घरों में ठहरे हुए मेहमानों के लिए भी घर वालों को इजाज़त है और इस का इंतिज़ाम है कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के जारी लंगर से अपने मेहमानों के लिए खाना ले जा सकते हैं, ले जाना चाहें तो ले जाएं लेकिन सहाबा के हालात तो ऐसे नहीं थे कि उनके लिए कोई मर्कज़ी इंतिज़ाम भी होता। वह भी कोई नहीं था और उनके ज़ाती हालात भी शुरू में अक्सर के ऐसे नहीं थे कि उनको सुविधाएं हों। बल्कि ऐसी घटनाएं मिलती हैं कि बच्चों को भी भूखा सुला दिया, ख़ुद भी मियां बीवी भूके रहे और मेहमान को जो थोड़ा बहुत खाना था वह खिला दिया और फिर उनके इस काम को अल्लाह तआला ने भी ख़ूब सराहा और उनकी इस बात पर ख़ुश हुआ और इस तरह की घटना मिलती है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इस विशेष घटना की सूचना दी।

(सही अल-बुख़ारी किताबुल मनाकिब अल-अनसार हदीस 3798)

अत: वे लोग जिनका उस्वा हमें अपनाने का हुक्म है, क़ुर्बानी कर के मेहमान--नवाज़ी किया करते थे और आज अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत में बहुत से लोग हैं जो क़ुर्बानी की भावना से मेहमान-नवाज़ी करते हैं और यही हमें करनी चाहिए। बावजूद जमाअत की सहूलत के कुछ लोग ख़ुद मेहमान-नवाज़ी करना चाहते हैं। कारकुनान जो डयूटी पर हैं, किसी भी ख़िदमत पर तैनात हैं उन्हें चाहिए कि उनमें से कुछ नहीं बल्कि हर एक सौ फ़ीसद क़ुर्बानी के जज़्बे से उत्तम आचरण से मुज़ाहरा करते हुए मेहमान-नवाज़ी करे। जैसा कि मैंने कहा कि अब भूख की क़ुर्बानी तो हमसे नहीं मांगी जा रही। इस वक़्त जो क़ुर्बानी है और कारकुनान जो क़ुर्बानी करते हैं वह वक़्त की क़ुर्बानी है लेकिन इस के साथ ही जज़्बात की क़ुर्बानी भी मांगी जाती है। कई बार मेहमान अनुचित व्यावहार दिखा देते हैं तो इस हालत में जज़्बात की क़ुर्बानी करनी पड़ती है, सब्र करना पड़ता है, ख़ामोश होना पड़ता है। इसलिए ख़ामोश होना पड़ता है कि हमें मेहमानों पर हुस्न ज़न्नी है कि ये लोग नेक नीयती से धार्मिक और रुहानी प्यास बुझाने के लिए आए हैं। शायद किसी ग़लतफ़हमी की वजह से उन्होंने ज़्यादती का रवैय्या दिखाया हो इसलिए हम क्षमा कर के चाहे अपनी ग़लती ना भी हो उनका काम कर देते हैं और यह उच्च अख़लाक़ हैं जो इस ज़माने में हमें मेहमानों के लिए दिखाने चाहिएं जो इस ज़माने में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम हम से चाहते हैं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की अपनी ऐसी बहुत सी घटनाएं हैं जिनसे आपकी मेहमानों की दिलदारी और मेहमान-नवाज़ी के उच्च स्तर क़ायम किए हुए नज़र आते हैं।

एक बार जब दूर दराज़ के एक इलाक़े से आए हुए मेहमान लंगर ख़ाने के कारकुनों के इनकार की वजह से कि हम आपका सामान नहीं उतारेंगे नाराज़ हो कर वापिस चले गए और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को जब इस बात का पता चला तो बयान किया जाता है कि आप ऐसी हालत में कि जूता पहनना भी मुश्किल था जैसे कोई बहुत ही हंगामी सूरत हाल पैदा हो गई हो जल्दी जल्दी उनके पीछे पैदल चले गए। वे लोग टांगे पर जा रहे थे। बहरहाल उन लोगों ने जब देखा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम तशरीफ़ ला रहे हैं। उनको आते देखा तो तांगा खड़ा कर दिया और टांगे से उतरे। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम ने उनसे क्षमा चाही और वापस चलने को कहा और उनका तांगा वापस मोड़ा और उन्हें कहा कि आप टांगे पर बैठ जाएं और मैं आपके साथ साथ पैदल चलता हूँ। बहरहाल मेहमान भी शर्मिंदा हुए और टांगे पर ना बैठे बल्कि पैदल ही चलते रहे। आख़िर जब लोग वापस लंगर ख़ाने आए तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने ख़ुद उनका सामान उतारना शुरू किया। उस के लिए हाथ बढ़ाया तो इस पर वे ख़ुद्दाम जो पहले ही शर्मिंदा हो रहे थे फ़ौरी तौर पर आगे बढ़े और उन मेहमानों का सामान उतारा। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम उस वक़्त तक वहां मौजूद रहे जब तक कि उनकी रिहायश और खाने का तसल्ली बख़्श इंतिज़ाम नहीं गया।

(उद्धरित सीरतुल महदी जिल्द 2 हिस्सा 4 पृष्ठ 56-57 रिवायत नम्बर 1069)

आप ने अपने कारकुनों को एक अवसर पर फ़रमाया कि देखो बहुत से मेहमान आए होते हैं। कुछ को तुम पहचानते हो कुछ को नहीं । इसलिए उचित यह है कि सबको सम्मान योग्य जान कर उनकी तवाज़ो और ख़िदमत करो। फ़रमाया तुम पर मेरा हुसन ज़न (सुधारणा) है कि मेहमान को आराम देते हो।(उद्धिरत मल्फ़ूज़ात जिल्द 6 पृष्ठ 226) अत: यह हुस्न ज़न हमने आज भी क़ायम रखना है।

इस के बाद में मेहमानों को भी कुछ कहना चाहता हूँ। एक बात तो पहले मैंने की कि एक दूसरे के जज़्बात का ख़्याल रखना सब का फ़र्ज़ है; मेहमानों का भी, मेज़बानों का भी। जहां इस्लाम हमें मेहमानों की इज़्ज़त और सम्मान का हुक्म देता है तो साथ ही मेहमानों को भी हुक्म देता है कि तुम ज़्यादा बोझ मेज़बान पर ना बनो। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि किसी के यहाँ ज़्यादा लंबा मेहमान ठहरना जो है और घर वाले पर जो बोझ बनना है वह इसी तरह है जिस तरह तुम सदक़ा ले रहे हो।

(सही अल-बुख़ारी किताबुल अदब बाब इकराम अलज़ैफ़ हदीस 6135)

हर एक के हालात ऐसे नहीं होते कि शुरू से आख़िर तक एक जैसी मेहमान--नवाज़ी कर सके तो मेहमान को भी हुक्म है कि तुम भी घर वालों का ख़्याल रखो। अगर ज़्यादा क़ियाम है तो फिर इस तरह रहो जिस तरह घरवाला रहता है और घर वालों की काम काज में भी कोई मदद की ज़रूरत पड़े तो वह भी कर देनी चाहिए इन मुल्कों में तो खासतौर पर। प्राय तो लोग करते हैं और यही एक ख़ूबसूरत समाज के लिए ज़रूरी है। जहां यह एहसास पैदा हो जाए कि दूसरा शख़्स हम पर बोझ है वहां ख़ुलूस और मुहब्बत में कमी आ जाती है और जब इस में कमी आ जाए तो फिर हालात शान्ति वाले नहीं रहते। अत: मेहमान को भी याद रखना चाहिए कि मेहमान का भी यह फ़र्ज़ है कि अपने ज़िम्मा जो फ़राइज़ हैं उनको अदा करे। अगर मेहमान का हक़ है कि मेहमान-नवाज़ी की जाए तो मेज़बान का भी हक़ है कि मेहमान उस का हक़ अदा करे और इस पर बोझ ना बने। मेहमान के इस हक़ को आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सिर्फ कुछ दिन रोज़ तक सीमित किया है। यहां इंतिज़ामीया को मैं यह भी कह दूं कि हमारे जलसा पर आए हुए जो मेहमान हैं अगर एक महीना भी ठहरते हैं तो हमने उनकी मेहमान-नवाज़ी करनी है। इस से यह ना समझें कि तीन या चार दिन के बाद हम ने मेहमान-नवाज़ी ख़त्म कर देनी है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलसलो वस्सलाम ने अपने कामों के हवाले से लंगर ख़ाने के क़ियाम को भी अपनी शाख़ाओं में से एक शाख़ बताया है।

(उद्धरित हकीकतुल वह्य, रुहानी ख़ज़ाइन जिल्द 22 पृष्ठ 221)

इसलिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलसलो वस्सलाम के लंगर में आने वालों के साथ जब भी वे आएं जलसा के दिनों में नहीं आम हालात में भी उच्च अख़लाक़ का मुज़ाहरा चाहिए।

फिर एक हुक्म हसीन मुआशरे का जिस पर मेहमानों को खासतौर पर इस जलसा के माहौल में अनुकरण करना चाहिए वह है सलाम को रिवाज देना। आँ-हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जन्नत में जाने वालों की एक ख़ुसूसीयत यह भी बताई थी कि वे सलाम को रिवाज देने वाले हैं

(सही मुस्लिम किताबुल ईमान हदीस 54)

फिर आप ने फ़रमाया कि जिसे तुम जानते हो या नहीं जानते तुम उनको सलाम

हदीस नबवी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और अगर खड़े होकर संभव न होतो बैठ कर और अगर बैठ कर भी संभव न हो तो पहलु के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

“अगर तुम चाहते हो कि तुम्हें दोनों दुनिया की फत्ह हासिल हो और लोगों के दिलों पर फत्ह पाओ तो पवित्रता धारण करो, और अपनी बात सुनो, और दूसरों को अपने उच्च आचरण का नमूना दिखाओ तब अलबत्ता सफल हो जाओगे।”

तालिबे दुआ

धानू शेरपा

सैक्रेट्री जमाअत अहमदिया देवदमतांग (सिक्कम)

करो

(सही अल-बुख़ारी किताबुल ईमान बाब इफ़शा अस्सलाम हदीस28)

और हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलसलो वस्सलाम ने भी जलसा के मक़सदों में से एक मक़सद यह बयान फ़रमाया था कि ताकि लोग जमा हूँ और इस तरह जमा होने से मुहब्बत का रिश्ता और परिचय का रिश्ता आपस में बढ़े।

(उद्धरित आसमानी फ़ैसला, रुहानी ख़ज़ाइन जिल्द 4 पृष्ठ 352)

अत: सलाम इस मुहब्बत और परिचय के माध्यम को बढ़ाने का एक बेहतरीन ज़रीया है। भाईचारा और तआरुफ़ को बढ़ाने का यह एक बेहतरीन माध्यम है और इस का एक यह भी फ़ायदा है कि जिनकी आपस की रंजिशें हैं किसी भी वजह से वह भी दूर होंगी

फिर यहां जो लोग आए हैं वह विशेष रूप से अल्लाह के लिए आए हैं और इसी सोच के साथ आना चाहिए । उनके आने का एक लिल्लाहि मक़सद है। धार्मिक और इलमी और रुहानी प्यास को बुझाने के लिए आए हैं या उस को प्राप्त करने के लिए आए हैं और यह मक़सद जैसा कि मैंने कहा यही होना चाहिए। तो फिर आपस के सम्बन्धों को भी हर एक को बेहतर करना चाहिए और रंजिशों और नफ़रतों को दूर करने की भरपूर कोशिश करनी चाहिए। फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि जलसा में आकर इस मक़सद को पूरा करने की भी कोशिश होनी चाहिए कि "दुनिया की मुहब्बत ठंडी हो और अपने मौला करीम और रसूल मक़बूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत दिल पर ग़ालिब हो जाए।"

(आसमानी फ़ैसला, रुहानी ख़ज़ाइन जिल्द 4 पृष्ठ 351)

अत: इस मुहब्बत को प्राप्त करने के लिए जलसा के प्रोग्राम में खासतौर पर शामिल हों उसे सुनें, ग़ौर करें। जलसा के दौरान भी और चलते फिरते भी ज़िक्र इलाही करते रहें और नमाज़ बाजमाअत ख़ास फ़िक्र और ध्यान से अदा करें और नवाफ़िल और तहज्जुद पढ़ने की तरफ़ भी तवज्जा दें। खासतौर पर जिनका यहां क़ियाम है वह इस माहौल को पाकीज़ा करने की कोशिश करते चले जाएं। अपनी हालतों में बेहतरी पैदा करने की कोशिश करें और जो सुबह से लेकर शाम तक आते हैं उनका भी फ़र्ज़ है कि इस मक़सद को पूरा करने वाले बनें जो जलसा का मक़सद है और वह यही है कि अल्लाह तआला का क़ुरब हासिल करने की कोशिश की जाए। इस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत दिल में बढ़ाई जाए। और यह बहुत बड़ा काम है जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हमारे सपुर्द फ़रमाया है कि अल्लाह तआला और इस के रसूल की मुहब्बत हमारे दिलों पर ग़ालिब आ जाए। अगर जलसा में शामिल होने वाले इस मक़सद को सामने रखकर उस के हुसूल की भरपूर कोशिश करेंगे तो समझें आपने अपने मक़सद को पा लिया, जलसा में आने का मक़सद पूरा हो गया और फिर रिहायश और खाना तो गौण चीज़ें बन जाएँगी। असल मक़सद यह होगा कि हमने अपनी रुहानी हालत को बेहतर से बेहतर करना है, इस को तरक़्क़ी देनी है। अगर यह हासिल हो गया तो जैसा कि मैंने कहा जलसा पर आने के मक़सद को पा लिया।

इसी तरह इंतिज़ामी लिहाज़ से मेहमान इस बात का भी ख़्याल रखें कि आरिज़ी और वसीअ इंतिज़ाम में कुछ कमियां रह जाती हैं। अगर कहीं ऐसी सूरत देखें तो इतना ध्यान न करें। कारकुनों को तो मैंने कहा है कि वे किसी सख़्ती को अगर किसी की तरफ़ से मुज़ाहरा हो तो बर्दाश्त करें लेकिन मेहमानों का भी काम है, शामिल होने वालों का भी काम है कि कमज़ोरियों पर ध्यान न करें और अगर ऐसी कमियां देखें तो कारकुनों का हाथ बटाएं। मैंने देखा है कुछ मेहमान अगर ज़रूरत हो तो बड़े शौक़ से ख़ुद मेज़बान बन कर काम करना शुरू कर देते हैं । जैसे ग़ुसल ख़ानों की सफ़ाई है। अगर ज़्यादा भीड़ हो और डयूटी पर मुतय्यन कारकुन पूरी तरह सफ़ाई का इंतिज़ाम ना कर सकें तो कुछ मेहमान ख़ुद उन डयूटी वालों के साथ यह काम करने लग जाते हैं और यही भावना एक अहमदी में होनी चाहिए और यही वह हक़ीक़ी रूह है जो आपस के पर-ख़ुलूस मुआशरे को क़ायम करती है। मेहमान सिर्फ़ कारकुनान को आज़माने और इम्तिहान लेने में अपना वक़्त नष्ट ना करें बल्कि अगर ज़रूरत हो तो हर विभाग में जैसा कि मैंने कहा मददगार हो जाएं।

इसी तरह पार्किंग इत्यादि में भी कई बार भीड़ की अवस्था में हंगामी सूरत पैदा हो जाती है। ऐसे हालात में कारों पर आने वाले सब्र और हौसले से इंतिज़ामीया से सम्पूर्ण सहयोग करें। कई बार औरतों और मर्दों दोनों तरफ़ से कुछ शिकायतें आ जाती हैं। आने वाले मर्द तथा औरतें मुकम्मल सहयोग नहीं करते। इसी तरह प्रवेश द्वारों पर जहां स्कैनिंग वग़ैरा का इंतिज़ाम है वहां प्राय तो लाइनें लगती हैं, बड़े सब्र और धैर्य का मुज़ाहरा किया जाता है लेकिन कई बार किसी एक-दो के कारण से माहौल ख़राब भी हो जाता है। वहां हर एक को मुकम्मल तौर पर सब्र का मुज़ाहरा करना चाहिए। अगर थोड़ा सा वक़्त भी लग जाए तो कोई हर्ज नहीं है इस लाईन लगाने से बेहतर निकास हो सकता है

फिर जलसा गाह में बैठने वालों से मों हमेशा कहा करता हूँ कि जलसा के दौरान अपने दाएं बाएं नज़र रखें । इसी तरह चलते फिरते हुए भी अपने माहौल पर नज़र रखें । सैक्योरिटी के हवाले से इंतिज़ामीया जो भी हिदायत दे इस पर अनुकरण करने की पूरी कोशिश करें और सबसे बढ़कर यह कि जलसा की कामयाबी और अपने जलसा में आने के मक़सद को पूरा करने और हर शरारत करने वाले की शरारत से बचने के लिए स्थायी रूप से दुआ करते रहें। जमाअत की तरक़्क़ी हासिदों को हसद में बढ़ाती चली जा रही है। इसलिए दुआओं की तरफ़ बहुत ध्यान की ज़रूरत है। इन दिनों में पाकिस्तान में भी अहमदियों के हालात के बारे में दुआ करें वहां भी लगता है कि हालात दुबारा मुख़ालिफ़त की तरफ़ जा रहे हैं। अल्लाह तआला उनको भी अमन की ज़िंदगी प्रदान फ़रमाए। अल्लाह तआला उनको हर शरारत से महफ़ूज़ रखे। मुख़ालिफ़ीन के नए या पुराने मन्सूबों को नाकाम तथा नामुराद कर दे।

इस के इलावा भी जलसा में शामिल होने वालों को इस बात की भी याददहानी करवा दूं कि इस साल भी हमारे जो विभिन्न मर्कज़ी विभाग हैं आरकाई का विभाग है या रिव्यू आफ़ रेलीजिंज़ का है या मख़ज़न तसावीर है या दूसरे विभाग हैं उन्होंने अपनी नुमाइशों का एहतिमाम किया हुआ है और काफ़ी मालूमाती और इल्मी नुमाइशें होती हैं, इस को भी जो फ़ारिग़ वक़्त हो इस में देखने की कोशिश करें।

इस के इलावा ऐम टीए की तरफ़ से भी एक ऐलान है। ऐम टी ए इंटरनैशनल की तरफ़ से आज एक नई एप (app)लॉन्च (launch)होगी और जो स्मार्ट टीवी है। किसी भी देश में अब इस अप को डाउन लोड (download)कर के एल जी (LG) फिलिप्स (Philips) एमेज़ों वन फायर टीवी(Amazon Fire TV) सोनी (Sony) और एंड्राइड (Android) के टीवी सैटस पर डिश एंटीना के बिना भी एम टी ए के सारे चैनल्ज़ अर्थात ऐम टी ए वन (MTA1) एम टीए टू (MTA2) एम टी ए थ्री (MTA3) और एम टी ए अलअरबी और एम टी ए अफ़्रीक़ा देखे जा सकते हैं। इस के इलावा अल्लाह तआला के फ़ज़ल से अमरीका में एम टी ए पहले ही सेमसंग (Samsung) प्लेटफार्म पर मौजूद है। तो यह भी ऐलान था। अल्लाह के फ़ज़्ल से जो बाहर के रहने वाले हैं वे इस एप (App)से फ़ायदा उठा सकते हैं। अभी जुम्अ: के बाद में इस का लॉन्च (launch)भी कर दूँगा

अल्लाह तआला जलसा को हर लिहाज़ से बरकतों वाला फ़रमाए और आप सबको इस से भरपूर इस्तिफ़ा दे की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए।

(अल्फज़ल इंटरनेशनल 23 अगस्त 2019 ई पृष्ठ 5-8)

☆ ☆ ☆

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)



इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

पृष्ठ 2 का शेष

लोग ग्वेटामाला पहुंचे थे। यह सब भी हुज़ूर अनवर के स्वागत के लिए वहां मौजूद थे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने अपना हाथ हिला कर सबको अस्सलामो अलैकुम कहा और होटल के अंदर तशरीफ़ ले गए। होटल में एक हाल नमाज़ों की अदायगी के लिए लिया गया था। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने 4 बजकर 40 मिनट पर तशरीफ़ ला कर नमाज़ ज़ुहर तथा असर जमा करके पढ़ाई।

इस के बाद प्रोग्राम के अनुसार सवा पाँच बजे मस्जिद बैतुल अव्वल (ग्वेटामाला) के लिए रवानगी हुई। लगभग 35 मिनट के सफ़र के बाद 5 बजकर 50 मिनट पर मस्जिद बैतुल अव्वल तशरीफ लाए जहां ग्वेटामाला के लोगों के अतिरिक्त मध्य और दक्षिण अमरीका के विभिन्न देशों से आए हुए वफ़दों ने हुज़ूर अनवर का भरपूर स्वागत किया और बच्चियों ने अपनी लोकल ज़बान में नज़्में पेश कीं। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने अपना हाथ बुलंद करके सबको अस्सलामो अलैकुम कहा और मिशन हाऊस के अंदर तशरीफ़ ले आए।

इस के बाद हुज़ूर अनवर ने मस्जिद और मिशन हाऊस की इमारत का निरीक्षण फ़रमाया और रिहायशी हिस्सा भी देखा। मस्जिद के बाहरी हिस्सा में मार्की लगा कर औरत और मर्दों के लिए अलग अलग खाने का प्रबंध किया गया था और उन के लिए वहां बैठने की जगह तय्यार की गई थी। हुज़ूर अनवर ने इस बारे में पूछा। मस्जिद के बाहरी क्षेत्र में और बुनियादों के बारे में हुज़ूर अनवर ने जायज़ा लिया। अमीर साहिब ग्वेटामाला ने निवेदन किया कि निचले हिस्सा में पहले क्लीनिक को गेस्ट रुम में तबदील किया गया है। परामर्श है कि यहां पर नियमित तीन रिहायशी अपार्टमंट्स, एक एक दो-दो बेडरूम के बना दिए जाएं। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: ठीक है, इस का जायज़ा ले लिया जाए कि जो पहली बुनियाद है इस को गिरा कर बनाना है या उसको रख कर उसकी ही renovation कर के बनाने हैं। लंदन से फ़ाइज़ साहिब आकर जायज़ा ले लेंगे।

जमाअत ग्वेटामाला के मेम्बरों की सामूहिक मुलाक़ात

*निरीक्षण के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ मस्जिद के हाल में तशरीफ़ ले आए जहां जमाअत ग्वेटामाला के लोगों की हुज़ूर अनवर के साथ सामूहिक मुलाक़ात थी। उनकी संख्या एक सौ के लगभग थी जिनमें 44 मर्द और 46 औरत थीं और बाक़ी बच्चे थे।

*इसके अतिरिक्त मैक्सीको का इलाक़ा Chiapa जो ग्वेटामाला के बॉर्डर के साथ लगता है और यहां ग्वेटामाला के द्वारा जमाअत स्थापित हुई थी, यहां के अहमदी लोगों, नौ मुबाईन भी इस मुलाक़ात में शामिल थे। उनकी संख्या 32 थी। ये लोग हज़ार मील से अधिक का बड़ा लंबा सफ़र तय करके पहुंचे थे। ये लगभग सभी वे लोग थे जो अपनी ज़िन्दगी में पहली बार हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात की सौभाग्य पा रहे थे।

*हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने इन सबसे पूछा कि क्या हाल है? जिस पर उन्होंने जवाब दिया अल्हम्दु लिल्लाह। हुज़ूर अनवर के पूछने पर कि कहाँ कहाँ से आए हैं। इस पर अमीर साहिब ग्वेटामाला ने निवेदन किया कि ग्वेटामाला के विभिन्न इलाक़ों से हैं। जहां पिछले सालों में बैअतें हुई हैं, वहां से भी आए हैं। इसी तरह मैक्सीको के Chiapa के इलाक़ा से भी आए हैं।

*हुज़ूर अनवर ने दया करते हुए बच्चों से पूछा कि क्या सब स्कूल जाते हैं जिस पर बच्चों ने निवेदन किया कि हम स्कूल जाते हैं। एक बच्चे ने हुज़ूर अनवर के पूछने पर बताया कि वह डाक्टर बनना चाहता है। एक बच्चे ने निवेदन किया कि वह चौथी क्लास में पढ़ता है। हुज़ूर अनवर ने बच्चों को नसीहत करते हुए फ़रमाया कि आप सब ने पढ़ना है। किसी एक बच्चे ने भी बिना पढ़ाई के नहीं रहना। कोई डाक्टर बने, कोई इंजीनर, कोई वकील और कोई टीचर बने। प्रत्येक ने कुछ ना कुछ पढ़ना है।

*मैक्सीको से एक नौजवान छात्र जामिया अहमदिया कैनेडा में दाख़िल हुए हैं और जामिया के पहले साल में हैं। हुज़ूर अनवर ने उनसे पूछा कि उर्दू कितनी सीख ली है। महोदय ने निवेदन किया कि अभी थोड़ी थोड़ी सीखी है।

*हुज़ूर अनवर ने बच्चियों से मुख़ातब होते हुए फ़रमाया कि हमारी जमाअत में बच्चियां ज़्यादा शिक्षा प्राप्त करती हैं। आप सबने पढ़ाई में लड़कों से आगे निकलना है। बच्चों और बच्चियों में एक दूसरे से आगे निकलने में दौड़ लगनी चाहिए।

*दो गोइटे मालन बच्चियों ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला की सेवा में फूल पेश किए। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया : जज़ाकम अल्लाह।

*एक नई बैअत करने वाले अहमदी दोस्त ने सवाल किया कि नमाज़ किस तरह अच्छे तरीक़ा से अदा की जा सकती है। इस के जवाब में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: नमाज़ पढ़ते हुए यह ख़्याल रखें कि हम ख़ुदा के सामने खड़े हैं। ख़ुदा हमें देख रहा है। इसलिए विनम्रता के साथ नमाज़ के लिए खड़े हों और जो शब्द दोहरा रहे हों वह भी समझ कर दोहराएँ। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने फ़रमाया सूरत फ़ातिहा याद करें। इय्याक नअ्बुदु वा इय्यका नस्तईन बार-बार दुहराया करें कि हम तेरी ही इबादत करते हैं और तेरी ही मदद चाहते हैं। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया है कि जब नमाज़ पढ़ रहे हो तो तुम यह ख़्याल रखो कि तुम ख़ुदा तआला को देख रहे हो या कम से कम ख़ुदा तुम्हें देख रहा है। जब यह ख़्याल हो जाएगा कि ख़ुदा मुझे देख रहा है तो फिर विनम्रता पैदा होगी और नमाज़ की तरफ़ ध्यान भी होगा।

*एक नई बैअत करने वाले अहमदी ने निवेदन किया कि अल्लाह तआला अगर हमें बेटा या बेटी प्रदान फ़रमाए तो उसका कौन सा इस्लामी नाम रखना चाहिए। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: जो इस्लामी नाम पसंद आए रख लें। मुहम्मद नाम रखना है तो रख लें। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: असल यह दुआ करनी चाहिए कि ख़ुदा तआला नेक और सालिह औलाद प्रदान फ़रमाए। जो ख़ुदा के हुक़ूक़ और बंदों के हुक़ूक़ अदा करने वाली हो। बहुत सारे बच्चे पैदा होते हैं। यहां ग्वेटामाला में भी और दूसरी जगहों में भी तो बहुत बच्चे बिगड़ जाते हैं, ख़राब कामों में पड़ जाते हैं, नशे में पड़ जाते हैं, फिर जुर्मों वाले होते हैं और जेलों में चले जाते हैं। इसलिए हमेशा ख़ुदा तआला से यह दुआ करें कि ख़ुदा तआला जो भी औलाद दे नेक और सालिह औलाद हो।

